Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल


▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 320 ▫ रायपुर, शनिवार 14 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## फुटबॉल खिलाड़ी हुए सड़क हादसे का शिकार, 12 से अधिक घायल



**बलरामपुर,** 14 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में आज फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. लगभग 20 खिलाड़ी फुटबॉल खेलने एक पिकअप में सवार होकर विशालपुर से मितगई जा रहे थे. इसी दौरान विजयनगर चौकी क्षेत्र के चाकी लावा मोड के पास ट्रक से साइड लेते समय पिकअप वाहन पलट गया. इस हादसे में 12 से अधिक खिलाड़ी बुरी तरह घायल हो गए और कई खिलाड़ी बेहोश हो गए. घटना की सूचना मिलने के बाद विजयनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया. सभी घायलों को रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया, जहां कुछ खिलाड़ियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें रिफर जिला अस्पताल कर दिया गया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

## भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत फिर से बिगड़ी, भर्ती



**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत एक बार फिर से बिगड़ गई है। 14 दिसंबर को उन्हें दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार, फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है, और अस्पताल प्रशासन जल्द ही उनका मेडिकल बुलेटिन जारी कर सकता है। लालकृष्ण आडवाणी की उम्र 97 वर्ष है और हाल के महीनों में उनकी सेहत में गिरावट आई है।

### राइस मिलर्स हड़ताल

## पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र



**रायपुर,** 14 दिसंबर (हाईवे चैनल)। पूर्व विधायक ननकीराम कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को पत्र लिख कर राइस मिलरों के बकाया का जिक्र करते हुए भुगतान की बात कही है. उन्होंने समितियों में जमा धान के उठाव के लिए शासन और राइस मिलरों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की मांग की है, जिससे किसानों में पनप रहे आक्रोश का असर नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में देखने को न मिले.

पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर ने अपने पत्र में लिखा कि राइस मिलर को प्रदेश सरकार की उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है. इन्हें अपने कार्य का पैसा दो-तीन साल से नहीं मिलने की बात कहते हुए इससे इतनी बड़ी इण्डस्ट्री को चलाने में आने वाली दिक्कत से अवगत कराया.

इसके साथ ही पूर्व मंत्री ने पूर्व में शासन द्वारा स्थापित की गई खुद की किसान राइस मिल के प्रशासन की गलत नीति से बंद हो गई. अब वही गलत नीति शासन द्वारा राइस मिलरो के साथ अपनाई जा रही है. इसके साथ ही प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए लिखा कि इससे ऐसा प्रतीत होता है कि राइस मिलों को बंद कराकर शासन अप्रत्यक्ष रूप से किसानों के धान को खरीदने की इच्छुक नहीं है. कंवर ने बिगड़ती स्थिति पर प्रधानमंत्री से स्वंय के संज्ञान में लेने का आग्रह करते हुए अपेक्षा है कि आप इस बिगड़ती व्यवस्था को स्वयं से संज्ञान में आग्रह किया है. अपने आप को जमीन से जुड़ा हुए बताते हुए कहा कि आज जनता अपने धान का उठाव नही होने से अपना धान समिति में नहीं बेच पा रही है, जिससे किसानों में सरकार के प्रति अत्यधिक आक्रोश उत्पन हो रहा है, जिसका परिणाम हमें वर्तमान निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव में देखा जा सकता है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### पोटाश बम से हाथी की मौत के मामले को सुलझाया, 3 गिरफ्तार



**गरियाबंद,** 14 दिसंबर (हाईवे चैनल)। जिले के एंटीपोचिंग टीम और वन विभाग की तत्परता से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है उनके कब्जे से सात जिंदा पोटाश बम भी बरामद किए गए हैं। 7 दिसंबर को हाथी के शावक अघन की पोटाश बम चबाने से मौत हो गई थी। करीब महीने भर चले इलाज के बावजूद हाथी के शावक को बचाया नहीं जा सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी थी। पोटाश बम का इस्तेमाल जंगली जानवरों के शिकार के लिए किया जाता है। विभाग के उपनिदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में की गई इस विशेष ऑपरेशन में आरोपियों को पकड़ा लिया गया है आज दोपहर वन विभाग इस मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी साझा कर सकता है।

### लाल किला हमारे पुरखों का, सरकार ने कब्जा कर लिया, कोर्ट पहुंची मुगल परिवार की बहू, याचिका हुई खारिज

**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने लाल किले पर कब्जे की मांग करने वाली एक महिला की याचिका को खारिज करने के एकल न्यायाधीश के आदेश को बरकरार रखा। याचिकाकर्ता सुल्ताना बेगम अंतिम मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर-द्वितीय के परपोते की विधवा हैं, ऐसा दावा किया जा रहा है। यह अपील उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के 2021 के फैसले के खिलाफ दायर की गई थी, जिसने पहले उसकी याचिका खारिज कर दी थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभू बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने 2021 के फैसले के खिलाफ याचिका दायर करने में ढाई साल की लंबी देरी का हवाला देते हुए अपील खारिज कर दी। एकल न्यायाधीश ने भी देरी का हवाला देते हुए याचिका खारिज कर दी थी, क्योंकि किले पर बहुत पहले ही अंग्रेजों ने कब्जा कर लिया था। सुल्ताना बेगम ने दावा किया कि 1857 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने लाल किले का कब्जा उनसे जबरन छीन लिया था। याचिका में दावा किया गया था कि बेगम लाल किले की असली मालिक हैं, क्योंकि उन्हें यह संपत्ति अपने पूर्वज बहादुर शाह जफर द्वितीय से विरासत में मिली थी। वकील विवेक मोरे के माध्यम से दायर याचिका में आगे तर्क दिया गया कि भारत सरकार किले पर अवैध रूप से कब्जा कर रही है।




**चूहा-** सुनती हो, अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार करने से देश में भूचाल आ गया..!

**चुहिया-** हां जी, सेलीब्रिटी को कभी कुछ नहीं होना चाहिए।

## देर रात रायपुर पहुंचेंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल राष्ट्रपति पुलिस कलर्स अवार्ड परेड में होंगे शामिल



**रायपुर,** 14 दिसंबर (हाईवे चैनल)। केंद्रीय गृहमंत्री शनिवार शाम 3 दिवसीय छत्तीसगढ़ पर रायपुर पहुंचेंगे। शाह आज रात साढ़े 9 बजे रायपुर पहुंचेंगे और होटल मेफेयर रिसार्ट में रात्रि विश्राम करेंगे। वे शाह 16 दिसंबर तक प्रवास पर रहेंगे। केंद्रीय मंत्री आज 15 दिसंबर को पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर में आयोजित राष्ट्रपति पुलिस कलर्स अवार्ड परेड कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री जगदलपुर में राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करेंगे। साथ ही सरेंडर करने वाले नक्सलियों से भी मुलाकात करेंगे और नक्सल प्रभावित लोगों से बातचीत करेंगे। 16 दिसंबर को शाम 4 बजे बस्तर से रायपुर लौटेंगे। शाम 6 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे

## दशगात्र से लौट रहे दो सगे भाइयों की हाईवा से टकराकर मौत



### नंदिनी एयरड्रम के पास दर्दनाक हादसा

**दुर्ग,** 14 दिसंबर (हाईवे चैनल)। बीती रात्रि दर्दनाक सड़क हादसे में मोपेड सवार २ भाइयों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए सुपेला अस्पताल स्थित मॅर्चुरी भेज दिया है। आज शनिवार को दोनों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। मामला नंदिनी थाना क्षेत्र का है।

नंदिनी थाना पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान उदय भान चक्रधारी (६५ साल) और सतानंद चक्रधारी (७१ साल) के रूप में हुई है। शुक्रवार रात ८ बजे की घटना है। जामुल थाना अंतर्गत घासीदास नगर में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने घर धमधा थाना अंतर्गत तरकोरी जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। मोपेड और हाइवा को जब्त कर लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों भाई मोपेड में बैठकर तेज रफ्तार में नंदिनी की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वे लोग नंदिनी एयरड्रम के पास पहुंचे सड़क किनारे खड़े हाइवा सीजी ०४ एलक्यू ३२०३ के पीछे जा घुसे। मोपेड सवार सीधे हाइवा के पिछले पहिया से टकराए। दोनों का सिर हाइवा के पिछले हिस्से से इतनी तेजी से टकराया कि उनका सिर वहीं फट गया। अधिक खून निकलने से दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## अज्ञात वाहन ने पुलिस जवान को रौंदा. सिर धड़ से अलग, मौत



- रायपुर रोड पर रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास हुआ दर्दनांक सड़क हादसा
- भखारा थाना में पदस्थ था जवान, डिपार्टमेंटल कार्य निपटाकर लौट रहा भखारा

**धमतरी** 14 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। जिले में सड़क दुर्घटनाएं थम नहीं रही है। आज सुबह भी एक दर्दनांक सड़क दुर्घटना घटी जिसमें एक पुलिस जवान की मौके पर मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि जवान शव क्षत-विक्षिप्त हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार आज भखारा थाना में पदस्थ जवान केशव मुरारी सोरी जो कि डिपार्टमेंटल कार्य रुद्री आया हुआ था। कार्य पश्चात वापस भखारा लौट रहा था तभी रायपुर रोड पर रिलाइंस पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात टैंकर ने बाइक सवार जवान को चपेट में ले लिया जिससे जवान का सिर धड़ से अलग हो गया। और बुरी तरह कुचल गया। हादसा इतना दर्दनाक था कि सड़क पर शरीर के चिथड़े बिखर गए। दुर्घटना के पश्चात रक्तदान ग्रुप एम्बुलेंस सेवा समिति के शिवा प्रधान मौके पर पहुंचे और शव को जिला अस्पताल चिरघर पहुंचाया। दुर्घटना के पश्चात सड़क पर वाहनों की कतार लग गई। लोगो की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना को लेकर लोगो में आक्रोश नजर आया। लोगों का कहना था कि बायपास बनने के बाद भी शहर के भीतर से भारी वाहने गुजरती है जो कि हादसों का कारण बन रही है।

## डीजल ट्रक और पिकअप में भिड़ंत 1 की मौत 4 घायल



**बिलासपुर,** 14 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर-अंबिकापुर मार्ग के मोरगा थाना क्षेत्र में आज सुबह-सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया. तारा घाटी के पास पिकअप वाहन और डीजल ट्रक की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में पिकअप ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हादसे में पिकअप में सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ट्रक ड्राइवर को भी चोटें आई हैं. राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में गाड़ियों में कोई आग नहीं लगी. डीजल टैंक में डीजल होने से बड़ी आगजनी भी होने की संभावना थी, जो टल गई. घटना की सूचना मिलने के बाद मोरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा. इसके साथ ही मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

## राईस मिलरों ने किया मीलिंग से संबंधित कार्य बंद खरीदी केन्द्रों में 21 लाख क्विंटल धान जाम





- संग्रहण केन्द्रों में भेजा चुका है लगभग 6 क्विंटल धान, मिलरों ने पूर्व में किया है लगभग 1.10 लाख क्विंटल धान का उठाव
- केन्द्रों में मेगाजाम, उठाव में तेजी नहीं आने से कई केन्द्रों में धान खरीदी हो सकती है बंद

**धमतरी,** 14 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। 14 नवम्बर से प्रदेश भर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हुई है। जिसके पश्चात लगातार जिले के 100 केन्द्रो में किसानों से खरीदा जा रहा है। लेकिन धान खरीदी के साथ उठाव की गति धीमी है। जिससे केन्द्रो में धान जाम की स्थिति बनी हुई है।

बता दे कि राईस मिलरों व प्रदेश सरकार के बीच विभिन्न मांगो को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। जिसके चलते राईस मिलर्स पुनः कस्टम मीलिंग कार्य से पीछे हट गये है। ऐसे में एक बार फिर केन्द्रो से धान का उठाव मिलर्स नहीं कर रहे है। नतीजन मेगाजाम की स्थिति पुनः बनने लगी है। यदि जल्द ही उठाव में तेजी नहीं आई तो कई केन्द्रो में खरीदी बंद होने की नौबत आ सकती है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक लगभग 27 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें लगभग साढ़े 6 लाख क्विंटल धान को संग्रहण केन्द्रो में भेजा चुका है। वहीं पूर्व में राईस मिलरों द्वारा लगभर 1 लाख 10 हजार क्विंटल धान का उठाव भी किया जा चुका है। लेकिन पुनः गतिरोध के चलते राईस मिलरो ने उठाव बंद कर दिया है जिससे सोसायटियों में लगभग 21 लाख क्विंटल धान जाम है।

### रोजाना जितनी खरीदी उतना उठाव जरूरी नहीं तो खरीदी हो सकती है प्रभावित

बता दे कि जिले के लगभग सभी केन्द्रो में धान पड़ा हुआ है। और धान खरीदी निरंतर जारी है। ऐसे में उठाव धीमी होने से खरीदी बंद होने की नौबत आ सकती है। जानकारी के अनुसार रोजाना लगभग डेढ़ लाख क्विंटल धान की खरीदी जिले में हो रही है। और इतना ही उठाव रोजाना होगा तो ही खरीदी अनवरत जारी रहेगी। लेकिन राईस मिलर्स उठाव बंद कर चुके है। ऐसे में सिर्फ खरीदी केन्द्रो से संग्रहण केन्द्रो के लिए उठाव हो रहा है।

### 20 दिसम्बर तक मिलर्स नहीं करेंगे मीलिंग कार्य

जिला राईस मिल एसोसिएशन की बैठक कल अग्रसेन भवन में रखी गई जिसमें जिले भर के मिलर्स शामिल हुए। बैठक में प्रदेश राईस एसोसिएशन द्वारा मांगे पूरी नहीं होने पर कस्टम मीलिंग कार्य पर रोक लगाने के निर्णय को समर्थन देते हुए 20 दिसम्बर तक कस्टम मीलिंग कार्य नहीं करने की सहमति बनी। अरवा राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश गोलछा व उसना राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन सांखला ने कहा कि मिलर्स कस्टम मीलिंग के संबध मे असहयोग आंदोलन कर रहे है। मिलर्स 2022-23 प्रोत्साहन राशि की एक किश्त वर्तमान में चाहते है जबकि केबिनेट ने वर्ष 2023-24 के भगुतान पर मुहर लगा दी है। साथ ही एसएलसी दर से भुगतान का विषय केबिनेट में नहीं रखा गया। पेनाल्टी विषय पर निर्णय नहीं लिया गया। जिससे मिलरों का धर्य टूट रहा है। सरकार के वादे से मुकर जाने से राईस मिलरो में निराशा है। मिलरों के कस्टम मींलिंग की बड़ी राशि बकाया है जिसका भुगतान नहीं होने से मिलरों के आर्थिक स्थिति खराब है। मिलर्स के पास बैंक गांरटी बनाने, चांवल जमा करने पैसे नहीं है। इस स्थिति में मिलर्स कस्टम मीलिंग कार्य करने में असमर्थ हो चुके है। पूर्व में सरकार ने मांगो पर सहमति दी है। उसे शीघ्र पूरा किया जाये।

"अब तक 27 लाख क्विंटल से अधिक की धान खरीदी हो चुकी है। संग्रहण केन्द्रो में लगभग साढ़े 6 लाख क्विंटल धान भेजा गया है। राईस मिलरो ने अब तक लगभग 1.10 लाख क्विंटल धान का उठाव किया है। केन्द्रो में लगभग 21 लाख क्विंटल धान पड़ा है।"

**-बलरामपुरी गोस्वामी**
**परिक्षेत्रीय अधिकारी, धान खरीदी जिला धमतरी**